दिन– रविवार दिनांक– 22 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. बिहार वनों के बाहर हरित क्षेत्र बढ़ाने में देशभर में दूसरे स्थान पर। एक सौ सात वर्गकिलो मीटर वन क्षेत्र की हुई बढ़ोतरी।

02. वस्तु और सेवा कर परिषद ने फोर्टिफाइड चावल पर जीएसटी दर घटाकर पांच प्रतिशत करने की घोषणा की।

03. खगड़िया में साढ़े पन्द्रह करोड़ रूपये की लागत से मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट की की जायेगी स्थापना।

04. और, मौसम विभाग ने कहा – पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण सत्ताईस दिसम्बर से राज्य के दक्षिण–पश्चिम क्षेत्रों में बारिश की सम्भावना।

———————————————————————

वनों के बाहर हरित क्षेत्र बढ़ाने में बिहार देशभर में दूसरे स्थान पर है। केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में वन–रिपोर्ट दो हजार तेईस का विमोचन किया। जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष दो हजार इक्कीस से दो हजार तेईस के बीच वन क्षेत्र को लेकर जारी आंकड़े में वन क्षेत्र के बाहर बिहार में एक सौ सात वर्गकिलोमीटर वन क्षेत्र की बढ़ोतरी हुई है। गुजरात वनों के बाहर हरित क्षेत्र बढ़ाने में शीर्ष पर है। रिपोर्ट के अनुसार बिहार के वन क्षेत्र के बाहर की हरित पट्टी बढ़ोतरी में घने वन की मात्रा अधिक है। वन सर्वेक्षण रिपोर्ट हर दो साल पर जारी की जाती है। इसमें उपग्रह डेटा और फील्ड सर्वेक्षण के आधार पर देश के वन–क्षेत्र और पौध–क्षेत्र का व्यापक आकलन प्रस्तुत किया जाता है। ताज़ा अनुमान के अनुसार, भारत का कुल वन और पौध–क्षेत्र आठ लाख सत्ताईस हज़ार वर्ग किलोमीटर से अधिक इलाक़े में फैला है जो देश के कुल क्षेत्रफल के पच्चीस प्रतिशत से अधिक है।

———————————————————————

वस्तु और सेवा कर, जीएसटी परिषद ने फोर्टिफाइड चावल पर कर की दर को घटाकर पांच प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। इससे पहले से पैकेट बंद तथा लेबल वाली वस्तुओं की परिभाषा में संशोधन की सिफारिश की है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन की अध्यक्षता में राजस्थान के जैसलमेर में जीएसटी परिषद की पचपनवीं बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी और विभिन्न राज्यों के वित्त मंत्री शामिल हुये। बैठक में जीएसटी और कर दरों से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए श्रीमती

सीतारामन ने बताया कि जीएसटी परिषद ने कई वस्तुओं पर कर की दरें कम करने या छूट देने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि जीन–थेरेपी को जीएसटी से छूट दी गई है। साथ ही बैंकों और एनबीएफसी के दंड शुल्क, देर से भुगतान शुल्क पर जीएसटी नहीं लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कौशल विकास परिषद के प्रशिक्षण भागीदारों को भी जीएसटी से छूट देने का फैसला किया गया है, लेकिन यह फैसला अधिसूचना जारी होने के बाद लागू होगा।

वित्त मंत्री ने कहा कि राज्यों ने एयर टर्बाइन फ्यूल को जीएसटी के दायरे में लाने का विरोध किया है, इसलिए इस पर कोई फैसला नहीं हुआ है। मंत्री समूह स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी दर कम करने पर आगे काम करेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि डिलीवरी प्लेटफॉर्म पर टैक्स को लेकर भी चर्चा हुई, लेकिन कोई फैसला नहीं हुआ है। श्रीमती सीतारामन ने कहा कि काउंसिल ने छोटी कंपनियों के रजिस्ट्रेशन में आने वाली दिक्कतों को दूर करने के लिए कॉन्सेप्ट नोट पर सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से ऑर्डर किए गए भोजन के लिए डिलीवरी शुल्क पर वस्तु एवं सेवा कर को कम करने का प्रस्ताव स्थगित कर दिया गया है। मंत्रियों के समूह में आम सहमति न बनने के बाद परिषद ने बीमा मामलों पर चर्चा स्थगित कर दी।

————————————————————————

केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने सरकार के सौ दिवसीय सघन तपेदिक उन्मूलन अभियान पर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों और स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ वर्चुअल बैठक की। श्री नड्डा ने अभियान की प्रगति की निगरानी के लिए मुख्यमंत्रियों से सहयोग का अनुरोध किया। उन्होंने अभियान को कारगर बनाने के लिए विधायकों के सहयोग का भी आह्वान किया।

————————————————————————

केन्द्र सरकार ने चुनाव संचालन नियमों में ई–दस्तावेज को लेकर बदलाव किया है। जारी अधिसूचना के अनुसार सीसीटीवी कैमरा, वेबकाकास्टिंग फुटेज और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज सार्वजनिक निरीक्षण के दायरे से बाहर कर दिये गये हैं। सरकार ने कहा है कि यह बदलाव दुरूपयोग रोकने के लिए किया गया है। निर्वाचन आयोग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि फुटेज सहित सभी दस्तावेज उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है। अन्य लोगों को न्यायालय के आदेश से ही इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड मिलेंगे।

————————————————————————

जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल से राज्य के विभिन्न जिलों में प्रगति यात्रा की शुरूआत करेंगे। प्रगति यात्रा की शुरूआत पश्चिम चम्पारण के

बगहा से शुरू होगी। इस यात्रा में जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी भी शामिल रहेंगे। वहीं, पश्चिम चम्पारण जिला के प्रभारी मंत्री सहित कई जदयू नेता इस यात्रा में भाग लेंगे। यात्रा अट्ठाईस दिसम्बर तक होगा। श्री कुमार पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी और मुजफ्फरपुर जिलों का दौरा कर विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे। कई स्थानों पर वे लोगों से संवाद भी करेंगे।

———————————————————————

आर्थिक अपराध इकाई, ईओयू प्रदेश में साईबर अपराधियों की तीन सौ उनतालीस करोड़ रूपये की सम्पत्ति जब्त करेगी। ईओयू ने प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉड्रिंग एक्ट के तहत सम्पत्ति जब्त करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय को प्रस्ताव भेजा है। इसके तहत अब तक इक्यावन करोड़ इक्यानवे लाख रूपये मूल्य की अपराधजनित सम्पत्ति को जब्त किया जा चुका है। ईओयू ने इसके तहत आय से अधिक सम्पत्ति मामले में लोक सेवकों के विरूद्ध पचासी मामले दर्ज किये हैं।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की उनतीस तारीख को दिन के ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम की यह एक सौ सत्रहवीं कड़ी होगी। श्रोता टोल फ्री नम्बर– एक आठ शून्य शून्य– एक एक– सात आठ शून्य शून्य पर कार्यक्रम के लिए अपने सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा नरेंद्र मोदी ऐप या माय जीओवी ओपन फोरम के जरिये भी सुझाव साझा किये जा सकते हैं। लोग सत्ताईस दिसम्बर तक अपने सुझाव भेज सकते हैं।

———————————————————————

खगड़िया के सांसद राजेश वर्मा ने कहा है कि जिले में अगले वर्ष साढ़े पन्द्रह करोड़ रूपये की लागत से मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट की स्थापना की जायेगी। उन्होंने कहा कि जिले की लगभग सत्तर प्रतिशत आबादी की आर्थिक स्थिति कृषि और पशुपालन पर आधारित है। अब डेयरी की स्थापना होने से इसका सीधा लाभ पशुपालकों को मिलेगा।

———बाईट———

———————————————————————

सुपौल के सांसद दिलेश्वर कामैत और मधेपुरा के सांसद दिनेश चन्द्र यादव ने नई दिल्ली में केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से मुलाकात कर सिंहेश्वर स्थित बाबा सिंहेश्वरनाथ मंदिर को धार्मिक कॉरिडोर से जोड़ने का आग्रह किया है। इस

मौके पर केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि बाबा सिंहेश्वरनाथ धाम को धार्मिक कॉरिडोर से जोड़ने का हर सम्भव प्रयास किया जायेगा।

———————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि सत्ताईस दिसम्बर को एक मजबूत पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण राज्य के दक्षिण–पश्चिम क्षेत्रों में बारिश होने की सम्भावना है। इसके कारण कैमूर, रोहतास, बक्सर, भोजपुर और औरंगाबाद सहित कई क्षेत्रों में बारिश हो सकती है। वहीं, अगले चौबीस घंटों के दौरान अधिकांश स्थानों पर मौसम में किसी विशेष परिवर्तन की सम्भावना नहीं है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान समस्तीपुर का पूसा सात डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा। वहीं, गोपालगंज में सबसे अधिक तापामन अट्ठाईस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————————

शिक्षा विभाग ने कहा है कि प्रदेश में सक्षमता पास शिक्षकों को सभी जिलों में जिला शिक्षा पदाधिकारी ही नियुक्ति पत्र देंगे। विभाग की ओर से सॉफ्टवेयर की लींक उपलब्ध कराया जायेगा। इस संबंध में प्राथमिक शिक्षा के निदेशक पंकज कुमार ने बताया कि लींक उपलब्ध होने के बाद कल से नियुक्ति पत्र जारी किया जायेगा। वहीं, सक्षमता परीक्षा पास विशेष शिक्षकों की काउंसिलिंग तीस दिसम्बर से शुरू होगी।

———————————————————————

नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो की टीम ने मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन पर दो किलो मॉर्फिन जब्त किया है। जब्त मॉर्फिन की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार मूल्य पांच करोड़ रूपये बतायी जाती है। इस मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति पश्चिम चम्पारण जिले का रहने वाला है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मॉर्फिन की यह खेप म्यांमार से लाई जा रही थी।

———————————————————————

मुंगेर के श्रीकृष्ण सेवा सदन पुस्तकालय सभागार में राष्ट्र प्रथम संविधान प्रथम विषय पर आचार्य कपिल व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश राजीव रंजन प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संविधान राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर तैयार किया गया है।

———————————————————————

खगड़िया जिला के गंगौर थाना क्षेत्र से पुलिस ने चक्कीपार दियारा से अवैध मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया। पुलिस ने मौके से काफी मात्रा में अवैध सामान जब्त किया है।

———————————————————————————

समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मुक्तापुर गांव के पास अपराधियों ने प्रोपर्टी डीलर समेत दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी।

———————————————————————————

पटना पुलिस ने भट्टाचार्या रोड के पास छापेमारी कर दो सौ फर्जी हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट बरामद की है। पुलिस ने छापेमारी के दौरान तीन जालसाजों को भी गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

पटना के दानापुर स्थित पेठिया बाजार में अपराधियों ने दानापुर छावनी परिषद के पर्वू उपाध्यक्ष समेत दो लोगों को गोली मार दी। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी।

———————————————————————————

बेगूसराय जिले के शाम्हो थाना क्षेत्र अन्तर्गत अकबरपुर बरारी पंचायत में पुलिस ने पूर्व वार्ड सदस्य के घर से अठारह कार्टन विदेशी शराब बरामद की है।

———————————————————————————

कटिहार के सालमारी थाना क्षेत्र में एक चावल व्यावसायी से पचास लाख रूपये रंगदारी मांगने के आरोप में पुलिस ने एक गिरोह के सात अपराधियों को कई आपत्तिजनक सामान के साथ गिरफ्तार किया है। सभी अपराधियों पर विभिन्न जिलों में लगभग एक दर्जन से अधिक हत्या, डकैती और लूट के मामले दर्ज हैं।

———————————————————————————

पूर्णियां में आयोजित चौदहवीं सब जूनियर महिला राज्य हॉकी चैंपियनशिप में आज पटना और पूर्णियां के बीच फाईनल मुकाबला खेला जायेगा। कल खेले गये सेमीफाईनल मुकाबले में पूर्णियां ने बक्सर और पटना ने सीवान को पराजित कर फाईनल में प्रवेश किया है।

इधर, सहरसा में खेले जा रहे सत्तरवीं बिहार राज्यस्तरीय अंतर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता में बालक अंडर इलेवन का खिताब मधेपुरा के नमन गुप्ता ने जीता है। फाईनल मुकाबले में नमन ने पटना के विराट को तीन–एक से पराजित किया।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– बिहार के सभी प्रखंडों में खुलेंगे मॉडल विद्यालय।

दैनिक जागरण लिखता है– गजट जारी, बेतिया राज की जमीन पर अब राज्य सरकार का स्वामित्व।

दैनिक भास्कर ने क्लैट परीक्षा से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– दिल्ली हाई कोर्ट का फैसला, देश की छब्बीस लॉ यूनिवर्सिटी में प्रवेश के लिए आयोजित क्लैट का परिणाम बदलेगा।

प्रभात खबर लिखता है– डायल एक सौ बारह पर रोजाना बहत्तर हजार कॉल, रिस्पांस टाईम अब बीस से घटकर हुआ पन्द्रह मिनट।

राष्ट्रीय सहारा का शीर्षक है– नहीं होगा इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों का सार्वजनिक निरीक्षण।

आज अखबार की सुर्खी है– विशिष्ठ शिक्षकों को एक जनवरी से मिलेगा नया वेतनमान।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. बिहार वनों के बाहर हरित क्षेत्र बढ़ाने में देशभर में दूसरे स्थान पर। एक सौ सात वर्गकिलो मीटर वन क्षेत्र की हुई बढ़ोतरी।

02. वस्तु और सेवा कर परिषद ने फोर्टिफाइड चावल पर जीएसटी दर घटाकर पांच प्रतिशत करने की घोषणा की।

03. खगड़िया में साढ़े पन्द्रह करोड़ रूपये की लागत से मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट की की जायेगी स्थापना।

04. और, मौसम विभाग ने कहा – पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण सत्ताईस दिसम्बर से राज्य के दक्षिण–पश्चिम क्षेत्रों में बारिश की सम्भावना।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।